# सड़क-बिजली, पानी सरकार की प्राथमिकता : तोमर




**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** प्रदेश सरकार के लिए सड़क, बिजली और पानी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। सरकार का संकल्प है कि कोई भी गांव विकास से अछूता न रहे। यह बात बुधवार को दिमनी विसं क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा, सुनावली एवं जालौनी में आंगनबाड़ी भवन, सीसी खरंजा, सामुदायिक भवन, शांतिधाम तथा विभिन्न सड़कों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रमों के दौरान विसं अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कही।

**विस अध्यक्ष ने दिमनी में करोड़ों लागत के विकास कार्यों की सौगात दी**

इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, समाजसेवी कमलेश कुशवाह, डॉ. योगेशपाल गुप्ता, जनपद अध्यक्ष अंबाह मधुरिमा तोमर, जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, पूर्व विधायक बलवीर डंडोतिया सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

उन्होंने दिमनी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सींगपुरा में 2.86 करोड़ से 4 किमी लंबी बम्बा से किर्रायच मार्ग का भूमिपूजन किया। 11.92 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन, 2.93 लाख की लागत से सीसी खरंजा का लोकार्पण, 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन तथा 3 लाख की लागत से शांतिधाम का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

### इन विकास कार्यों की सौगात भी दी

विधानसभा अध्यक्ष ने ग्राम सुनावली में सुनावली से कुकथरी तक 1.89 करोड़ की लागत से 3 किमी लंबी सड़क का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कुकथरी में 9 लाख एवं 7.40 लाख की लागत से नाला निर्माण, 7 लाख की लागत से आंगनबाड़ी भवन, 3.24 लाख की लागत से सीसी रोड तथा 5.63 लाख की लागत से दूसरी सीसी रोड का लोकार्पण किया। ग्राम जालौनी में थरा से जालौनी मार्ग तक 3.16 करोड़ की लागत से 4.50 किमी लंबी सड़क का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।



# कानून का सम्मान करें, देश का मान बढ़ाएं : दिव्यांशी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** वनिता जागृति मंच एवं अखिल भारतीय कला मंदिर भोपाल द्वारा एक काव्य गोष्ठी का आयोजन बीते रोज किया गया।

देशभक्ति के रंगों में रंगी गोष्ठी में महिलाओं ने अपनी कला और विचारों के माध्यम से राष्ट्र के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। आयोजन का शुभारंभ राष्ट्रध्वज को नमन कर किया गया। इस अवसर पर संस्थापक भारती जैन दिव्यांशी ने कहा कि हमारे देश की शक्ति हम नागरिकों के हाथ में है। आज के दिन हम उन महान स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान निर्माताओं को नमन करते हैं, जिन्होंने एक ऐसे भारत का सपना देखा जहां सबको समानता और न्याय मिल सके। इस मौके पर संचालक महिमा जैन सुधी, अध्यक्ष रमा गोलश, सचिव प्रेरणा गुप्ता, संरक्षक निधि गुप्ता, उपाध्यक्ष मनीषा भारद्वाज, सह सचिव किरण जैन, मीरा गुप्ता, आराधना जैन, अनुराधा जैन, सारिका गुप्ता, भारती गुप्ता, दीप्ति श्रीवास्तव, मंजू गुप्ता, अनीता गुप्ता, शिल्पी जैन, प्रीति गुप्ता एवं दुर्गेश गुप्ता शामिल रहीं।

# जपं कैलारस : एक ही जगह पर बरसों से पदस्थ है कर्मचारी

**मनोज शर्मा**
**मुरैना/कैलारस, 28 जनवरी।** जनपद पंचायत कैलारस में बीते कई वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ कई कर्मचारी अब प्रशासनिक एवं आमजन के लिए दीमक साबित हो रहे हैं।

स्थानीय होने का लाभ उठाकर

**स्थानीय होने की वजह से ग्रामीणों पर झाड़ते हैं रौब**

यह कर्मचारी न तो नियमित रूप से समय पर कार्यालय आते हैं और न ही अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन कर रहे हैं। स्थानीय होने के कारण ड्यूटी के दौरान भी अपने घर जाकर निजी कार्यों को भी करते है। इन कर्मचारियों द्वारा शासन से वेतन का पूरा लाभ लेकर अपने घरों में रहते हुए शासकीय कार्य को संपादित किया जा रहा है। वहीं ग्रामीण छोटी-छोटी समस्याओं को लेकर कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। विभिन्न हितग्राहियों का कहना है कि दूर-दराज के गांवों से आने वाले लोग जब अपने कार्यों को लेकर जनपद कार्यालय पहुंचते हैं, तो उन्हें सहयोग देने के बजाय कर्मचारियों द्वारा रोब झाड़ा जाता है और कई बार अपमानजनक व्यवहार का भी सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से जनपद पंचायत में पदस्थ कर्मचारियों की वजह से भ्रष्टाचार की जड़ें लगातार गहराती जा रही है। सूत्रों की माने तो कर्मचारियों की मनमानी का आलम यह है कि ग्रामीणों से बिना सेवाशुल्क लिए कोई कार्य नहीं किया जाता है। ग्रामीणों की मांग है कि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा जांच कराए जाकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाना चाहिए। वहीं बरसों से पदस्थ कर्मचारियों का अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए। जिससे हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।




### शिशु गृह के आश्रित बालक को भावी माता-पिता को सौंपा

**मुरैना, 28 जनवरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित बाल देखरेख संस्था शिशु गृह से एक बालक की दत्तक ग्रहण प्रक्रिया पूर्ण की गई। इस अवसर पर छह वर्षों से प्रतीक्षा सूची में शामिल भावी माता-पिता को संबंधित प्रक्रिया के बाद बालक को सुपुर्द किया गया। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बालक को उपहार एवं बैग भेंट किए तथा भावी माता-पिता से आत्मीय चर्चा की। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा परिवार की जानकारी प्रस्तुत की गई।

# सवर्ण स्टूडेंट को उच्च शिक्षा से दूर करेगा यूजीसी कानून : दिनेश

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** यूनिवर्सिटी ग्रान्ट कमीशन के नियमों में बदलाव कर केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार सवर्ण समाज के स्टूडेंट को उच्च शिक्षा से दूर करने की

**सवर्ण एकता संघर्ष मोर्चा आज निकालेगा पैदल मार्च, देगा ज्ञापन**

कोशिश कर रही है। सरकार के द्वारा लागू किए गए इन यूजीसी नियमों के विरोध में सवर्ण एकता संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में आज 29 मार्च को पैदल मार्च निकालकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

पैदल मार्च गुरूवार की दोपहर पुराना बस स्टैंड से शुरू होगा, जिसके बाद एमएस रोड होकर पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचेगा। जहां राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें यूजीसी कानून को वापस लिए जाने की मांग की जाएगी।




यह बात सवर्ण एकता संघर्ष मोर्चा के दिनेश डंडौतिया ने प्रेसवार्ता में कही। श्री डंडौतिया ने कहा कि देशभर में सवर्ण समाज के 78 प्रतिशत से अधिक लोगों ने आरएसएस और भाजपा की जड़ों को सींचकर वटवृक्ष बनाया। आज वही भाजपा की सरकार जड़ों को सींचने वाले सवर्ण समाज की दुश्मन बन गई है। उन्होंने कहा कि जो संगठन बंटोगे तो कटोगे की बात कहकर राजनीति करता है, अब उसी संगठन की सरकार ने यूजीसी नियमों में बदलाव कर हिंदू समाज को बांटने का काम किया है। प्रेसवार्ता में क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष महेन्द्र सिकरवार ने कहा कि भारत के संविधान में अनुच्छेद-14, 16 और 21 नागरिकों को समानता का अधिकार देने वाले है। इन अनुच्छेद को दरकिनार कर केन्द्र सरकार द्वारा यूजीसी नियमों में बदलाव कर समानता का अधिकार खत्म किया जाना है। श्री सिकरवार ने कहा कि देश की सेना, अर्द्धसैनिक बल में क्षत्रिय समाज की बढ़ी संख्या में भागीदारी है। तो वहीं देशभर में व्यापार को वैश्य समाज द्वारा संचालित किया जाता है।

अगर सवर्ण समाज आंदोलन के रास्ते पर उतर आया तो देश की अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख देगा। प्रेसवार्ता में रविन्द्र मोहन माहेश्वरी ने कहा कि सवर्ण समाज के प्रतिनिधि यूजीसी के मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है। उनके इस रवैये से पूरा सवर्ण समाज विधायक, सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधियों से नाराज है। प्रेसवार्ता में गजेन्द्र सिंह राठौड़, मोहन बंसल, कुशल शर्मा सहित सवर्ण समाज के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# संपूर्णता अभियान 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** जिले के आकांक्षी विकासखंड पहाड़गढ़ में सम्पूर्णता अभियान 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं चिन्हित संकेतकों की 100 प्रतिशत संतृप्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला स्तरीय बैठक का आयोजन कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट में किया गया।

बैठक में कलेक्टर ने अभियान में अवधि 28 जनवरी से 14 अप्रैल के दौरान युद्ध स्तर पर सारे संबंधित विभाग को कार्य करने के लिए निर्देश दिये। कलेक्टर ने पोषण, शिक्षा एवं पशुपालन से संबंधित चिन्हित केपीआई में शत-प्रतिशत संतृप्ति प्राप्त करने हेतु तीन माह की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। अभियान के लिये नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर उमेश अवस्थी को नियुक्त किया गया, साथ ही ब्लॉक लेवल पर समन्वय हेतु एसडीएम जौरा शुभम शर्मा रहेगे। संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ जनपद स्तर पर 31 जनवरी को किया जाएगा, जो आगामी तीन माह की अवधि में संचालित होगा। संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत बच्चों को शत-प्रतिशत पोषण आहार वितरण, आंगनबाड़ी केंद्रों मे बच्चों की दक्षता मापन, बालिकाओं हेतु शौचालय युक्त विद्यालयों की उपलब्धता पर विशेष फोकस किया जाएगा। बैठक में एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय, सहायक संचालक शिक्षा, डीपीसी, उप संचालक पशुपालन, डीपीएम स्वास्थ्य एवं सीडीपीओ मुरैना उपस्थित रहे।

### 112 छात्र-छात्राओं के बनेंगे नि:शुल्क ड्राईविंग लाईसेंस

**मुरैना, 28 जनवरी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा जौरा के शासकीय कॉलेज में बुधवार को एक निरूशुल्क ड्राइविंग कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 112 छात्र-छात्राओं के आवेदन लाइसेंस के लिए चयनित किए गए। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अर्चना परिहार ने बताया कि शिविर के दौरान जहां छात्र-छात्राओं के लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन चयनित किए गए। वहीं उन्हें यातायात से संबंधित नियमों की जानकारी दी गई। शिविर में परिवहन विभाग की ओर से गोविंद सिंह चौहान, प्रदीप प्रजापति, रवि गुप्ता, कॉलेज प्राचार्य एचएन सिंह हाड़ा, सहायक प्राध्यापक सीपी विमल, डॉ. सुधीर पाठक, प्रोफेसर अशोक कुमार, रमेश कुमार, प्रफुल्ल चंद्र भौमिक, डॉ. यदुनंदन उपाध्याय व नीलम राजपूत उपस्थित रहीं।



# यूजीसी के मुद्दे पर कांग्रेस दलित-ओबीसी के साथ : रीना



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने यूजीसी के नियमों में बदलाव को लेकर कहा है कि कांग्रेस हमेशा दलित, पिछड़ा वर्ग

**महिला कांग्रेस की प्रदेशाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता में कहा**

और गरीब लोगों के साथ खड़ी रही है और आगे भी उनके साथ रहेगी।

प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी, बुधवार को मुरैना प्रवास के दौरान पत्रकारों से चर्चा कर रहीं थी। प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पूरी दुनिया में सम्मान दिया जाता है, वहीं केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने मनरेगा योजना से उनका नाम हटाकर उनका अपमान करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में केन्द्र की सत्ता में आने के बाद से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मनरेगा योजना को खत्म करने की कोशिशों में लगे हुए है। मनरेगा का नाम वीबीजीरामजी करना तो एक बहाना है, सरकार का लक्ष्य इस योजना को खत्म करना है। प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा के शासन में महिलाओं, बालिकाओं के साथ अपराधों का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है। दुष्कर्म की घटनाओं में संलिप्त पाए जाने वाले आरोपियों को भाजपा का संरक्षण मिला हुआ है। उन्होंने दुष्कर्म के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिए जाने की मांग मप्र सरकार से की है। लाड़ली बहना योजना को लेकर उन्होंने कहा कि तीन हजार रूपये का सपना दिखाकर मप्र सरकार द्वारा 1500 रूपये दिए जा रहे है। प्रेसवार्ता में रीना बोरासी के साथ प्रदेश सचिव फरजाना बानो, ज्योति बाथम, मनीषा रावत, शांति कुशवाह, कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर उपस्थित थीं।




### बैठक में महिला कार्यकर्ताओं का किया मार्गदर्शन

महिला कांग्रेस की बैठक का आयोजन बुधवार को विधायक दिनेश गुर्जर के चंबल कॉलोनी स्थित निवास पर हुआ। इस बैठक में प्रदेशाध्यक्ष रीना बोरासी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए संगठन को सशक्त बनाने के लिए कार्य करने का आव्हान किया। बैठक में नजमा बेगम, जिलाध्यक्ष मधुराज तोमर, शहर जिलाध्यक्ष गजेन्द्र जाटव, विधायक दिनेश गुर्जर, पूर्व विधायक सत्यपाल सिकरवार, दीपक शर्मा, सुभाष सिकरवार, हरीश पाठक, श्रीमती शशि कैमोर आदि उपस्थित थे।

### लॉयन्स क्लब मयूरवन का वंदे मातरम कार्यक्रम 31 को

**मुरैना, 28 जनवरी।** लॉयन्स क्लब मुरैना मयूरवन के तत्वावधान में देशभक्ति से सराबोर सांस्कृतिक कार्यक्रम वंदे मातरम का आयोजन 31 जनवरी को होगा। यह कार्यक्रम जीवाजीगंज स्थित टाउन हॉल में शाम 5 बजे से होगा। कार्यक्रम में शहर के लगभग 12 प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्र-छात्राएं देशभक्ति गीत, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। लायंस क्लब के पदाधिकारियों ने बताया कि सभी सहभागी विद्यालयों को स्मृति चिन्ह और प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं फूड पैकेट वितरित किए जाएगें। क्लब के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, रीजन चेयरपर्सन अविनाश अग्रवाल, अध्यक्ष ब्रजेन्द्र गुप्ता एवं कार्यक्रम संयोजक डॉ. समीर बांदिल ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस देशभक्ति संध्या को सफल बनाएं।

### स्टेट योगासन प्रतियोगिता में शामिल होने खिलाड़ी उज्जैन रवाना

**मुरैना, 28 जनवरी।** उज्जैन में होने जा रही खेलो एमपी राज्यस्तरीय योगासन प्रतियोगिता में मुरैना से चंबल संभाग के खिलाड़ी बीते रोज रवाना हुए। जय योगा स्पोर्ट्स क्लासेस के 10 खिलाड़ियों का चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 29 जनवरी से 31 जनवरी तक होने वाले गेम्स में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता में अलग-अलग कैटेगरी में संभागस्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त बालक-बालिका खिलाड़ी, जूनियर वर्ग में मुरैना से चंबल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन खिलाड़ियों में जाग्रवि जैन, अंजलि प्रजापति, एंजेल शर्मा, राशि कुशवाह, पलक प्रजापति, नीलाक्ष तिवारी, अभय राठौर, योगेंद्र निगम, विवेक भदौरिया, आदित्य राठौर आदि शामिल हैं। टीम के साथ मुख्य कोच जय किशन शर्मा, महिला कोच महिमा जैन, पुरुष कोच प्रशांत सिकरवार भी उज्जैन रवाना हुए।



# कुम्हेरी आरोग्य मंदिर में सीएचओ मिले अनुपस्थित

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** कुम्हेरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लगे आयुष्मान कैंप का कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने बुधवार

**रिकॉर्ड अव्यवस्थित, कलेक्टर ने जताई नाराजगी, दिए निर्देश**

को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान यहां पदस्थ सीएचओ विजय शर्मा अनुपस्थित मिले और रिकॉर्ड भी अव्यवस्थित था। इसको लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए सीएचओ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।



कलेक्टर ने कलेक्टर ने यहां संचालित पीएमश्री स्कूल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों की संख्या कम थी, पूछने पर स्टाफ ने बताया कि सर्दी अधिक होने की वजह से बच्चे कम आए हैं। अंत में कलेक्टर ने गांव में रहने वाले लोगों से भी वन-टू-वन चर्चा की तो ग्रामीणों ने उन्हें कुछ जगह जलभराव की समस्या बताई। वहीं लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क पर बनाई जा रही पुलिया में घटिया निर्माण की बात भी सामने आई। इन शिकायतों को गंभीरता से निराकृत कराने के लिए जौरा एसडीएमए तहसीलदार, जनपद सीईओ को जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए।

# शहर में ई-रिक्शों के 12 रूट तैयार किए जाएं : एडीएम

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 28 जनवरी।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें एडीएम ने आईआरएडी/ईडीएआर, राहवीर योजना एवं गुड सेमेरिटन योजना के सफल क्रियान्वयन एवं राहवीरों को लाभान्वित किए जाने हेतु परिवहन विभाग को निर्देशित किया कि इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार बैनर एवं अन्य माध्यमों से सुनिश्चित किया जाए।

एडीएम ने कहा कि शहरी सीमा में ई-रिक्शा संचालन से उत्पन्न यातायात समस्याओं के समाधान हेतु परिवहन विभाग को 10 से 12 रूट निर्धारित किए जाएं।




ट्रैफिक सिग्नलों की टाइमिंग को यातायात के अनुरूप पुन: निर्धारित किया जाए। एडीएम ने एनएचएआई को छौंदा टोल प्लाजा के आसपास क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत कराने के निर्देश दिए। जहां भी विद्युत पोल के कारण यातायात आवागमन में समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां एमपीईवी को एस्टीमेट तैयार कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शहरी सीमा में आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के संबंध में उन्होंने बताया कि कलेक्टर द्वारा देवरी गौशाला में आवश्यक कार्य कराने के निर्देश पूर्व में दिए जा चुके हैं। इस संबंध में नगर निगम को शीघ्र एस्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।


## आम सूचना

श्रीमती मीरा शिवहरे पत्नी श्री प्रकाश शिवहरे के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भवन, स्थित पटेल मार्ग, ग्राम कैलारस, प.ह.नं.42, रा.नि.मं.02 कैलारस, तहसील कैलारस एवं जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका कैलारस पुराना वार्ड क्र.11 एवं नया वार्ड क्र.10 है जो भूमि सर्वे क्र.979/1/1/1/2 ग्राम कैलारस का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 1984.2 वर्गफुट है और जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है:- पूर्व में भवन श्री रमेश रजक, पश्चिम में भवन श्री सरमन शिवहरे, उत्तर में रास्ता पटेल मार्ग 12 फुट चौड़ा एवं दक्षिण में- सम्पत्ति का भाग प्रकाश शिवहरे है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री जनवेद पुत्र श्री मडोल एवं अन्य के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री जनवेद का स्वर्गवास हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री प्रकाश शिवहरे पुत्र श्री जनवेद शिवहरे उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री प्रकाश शिवहरे द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में श्रीमती मीरा शिवहरे पत्नी श्री प्रकाश शिवहरे के हित में दानपत्र विलेख सम्पादित किये जाने हेतु ड्राफ्ट डीड तैयार की जा चुकी है एवं रजिस्टर्ड दानपत्र विलेख सम्पादित किया जाना शेष है। श्रीमती मीरा शिवहरे द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार आदित्य बिड़ला हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को एवं श्री जनवेद के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो ।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या. - भवन क्र.52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.)**
**मो.नं. 9827672710**



In The Court Of III Civil Judge, Junior Division, Ambah District Court, Morena
Presiding Officer
योगेन्द्र सिंह राजपूत
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCS/0000144/2022)
रामगोपाल सिंह..........वादी
Vs
बड़ी बिटिया..................प्रतिवादी
Process id-/2025
पेशी दिनांक :- 13/02/2026
प्रेषिती-
(1) वीर सिंह पिता रामबेटी पता-निवासी ग्राम रजौधा भिकारी का पुरा तहसील, पोरसा जिला मुरैना म.प्र.
यह कि प्रार्थी रामगोपाल सिंह ने आपके विरुद्ध वाद वास्ते स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें, जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।
यह आज तारीख 05 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
**न्यायालय की मुद्रा**
**न्यायाधीश**
**(योगेन्द्र सिंह राजपूत)**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अंबाह, जिला मुरैना (म.प्र.)**
**कृपया ध्यान दें :-**
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।